Regarding need of a Vande Bharat train from Mathura to Ayodhaya

श्री मुकेश राजपूत **(फर्रूखाबाद):** धन्यवाद सभापति महोदया । मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि एक वंदे भारत ट्रेन का संचालन भगवान कृष्ण की नगरी मथुरा से भगवान राम की नगरी अयोध्या तक वाया कासगंज, फर्रुखाबाद, कन्नौज और कानपुर देहात होते हुए कराया जाए, जिससे देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को मथुरा से अयोध्या तक यात्रा करने में आसानी हो सके तथा कासगंज, फर्रुखाबाद जैसे शहरों को भी एक वंदे भरत ट्रेन मिल सके ।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को यह भी अवगत कराना चाहता हूं कि फर्रुखाबाद में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के कई तीर्थ स्थल स्थित हैं, जहां पर देश-विदेश से आने वाले यात्रियों का आना-जाना लगा रहता है । फर्रुखाबाद में अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध तीर्थ स्थल संकिसा स्थित है, जहाँ भगवान बुद्ध का स्वर्गावतरण हुआ था । बाबा नीम करौरी धाम की तपोस्थली नीम करौरी धाम भी यहीं स्थित है । अन्तर्राष्ट्रीय जैन तीर्थ कंपिल भी यहीं स्थित है, जहाँ तेरहवें तीर्थकर भगवान विमलनाथ थे । उनके चारों कल्याणक यहीं कंपिल में हुए थे । महाभारतकालीन राजा द्रुपद की राजधानी कंपिल, जहां द्रौपदी जी का स्वयंवर हुआ था, यहीं है । फर्रुखाबाद में गंगा तट पर माघ के महीने में कल्पवासियों का मेला राम नगरिया भी लगता है, जहाँ देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं का आवागमन रहता है । इसे अपरा काशी भी कहते हैं ।

महोदया, यदि वंदे भारत ट्रेन इस रूट से फर्रूखाबाद, कासगंज, कन्नौज होते हुए चलती है, तो मैं कह सकता हूं कि इस सीधी वंदे भारत ट्रेन के मिलने से अवध बिहारी से लेकर बांके बिहारी तक देश-विदेश के कई लोगों को इसका फायदा मिलेगा । साथ ही पिछड़े हुए कासगंज, फर्रूखाबाद, कन्नौज और कानपुर देहात जैसे लोक सभा क्षेत्रों को भी इसका बेनिफिट मिलेगा । धन्यवाद ।